हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024



तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री



### पृथ्वी दिवस पर अदाणी पॉवर ने 1000 पौधे रोपे




## भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में से 27 स्टूडेंट JEE में सफलता हासिल किए

**भिलाई।** भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में 27 स्टूडेंट में JEE-Mains में चयन हुए जिसमें निखिल तिवारी 99.26 % ile भूपेन्द्र 98.93 % ile शैलेष गुप्ता 98.03 % ile इसी तरह रुद्रेश सिंग, आर्यन वर्मा, हर्ष, सिद्धार्थ, दीपक मिश्रा, सृष्टि, संतोषी भोई, यश देवांगन ने 90 % ile से ऊपर लाकर संस्था व पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया है। बाकी स्टूडेंट 80 % ile से ऊपर है। इन सभी स्टूडेंट को संस्था की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। छात्र व छात्राएं इसका श्रेय माता-पिता का सहयोग व शिक्षकों का सभी मार्गदर्शन को दिया है। सुपर-30 में सभी 30 स्टूडेंट को निःशुल्क पढ़ाया जाता है जो कि छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सुपर-30 में जाने की नामांकन की प्रक्रिया चयनित परीक्षा के द्वारा होती है। जो ऑनलाईन व ऑफलाइन के माध्यम से परीक्षा दे सकते हैं। इसकी परीक्षा तिथि 1 मई 2 मई व 3 मई को ऑनलाइन व ऑफलाइन पूरे प्रदेश व देश के स्टूडेंट दे सकते हैं। चयनित छात्रो को भिलाई शाखा में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। सुपर-30 में 30 छात्र IIT-JEE व 30 छात्र NEET के बच्चों का चयन कर पढ़ाया जाता है। बच्चों को IITIANS व Doctors की टीम द्वारा IIT व NEET की तैयारी पिछले वर्ष से छत्तीसगढ़ में कराया जा रहा है। इसका लाभ लेने के लिए छात्रों को Online व Offline परीक्षा देना पड़ेगा। चयनित छात्र में IIT-JEE व NEET के 30-30 छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। हमारी इस संस्थान में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध है। छात्र व छात्रों को समय-समय पर मोटिवेशलन क्लास भी कराई जाती है जिससे छात्रों में कैरियर के बारे में जानकारी दी जाती है। भिलाई सुपर-30 ब्रांच : 58-ए मार्केट सेक्टर-10 में हमारी शाखा संचालित हो रही है। अधिक जानकारी के लिए 7880168887 पर संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

**भिलाई सुपर-30 के टॉपर छात्र**



NIKHIL TIWARI 99.26 % ile | Abhijeet Singh 97.56 % ile | Somesh Kr. Singh 97.41 % ile | Deepak Mishra 95.93 % ile | Aryan Verma 95.01 % ile

Advt.


## खबर संक्षेप

### तमनार में विष्णुदेव की पहली आमसभा आज



**तमनार।** प्रदेश के मुखिया नियुक्त होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव की पहली आमसभा तमनार में शुक्रवार को आयोजित की गई है। साय के आगमन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणजनों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न व्यव्स्थो की दायित्व सौपा गया है। युवा मोर्चा द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन को लेकर भाजपाइयो द्वारा जोरदार तैयारी किया जा रहा है वही पुलिस प्रशासन द्वारा भी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण की जा रही है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा जिला महामंत्री सतीशचन्द बेहरा मण्डल अध्यक्षगण कार्यक्रम स्थल मंच, हेलीपैड, पार्किंग अन्य व्यावथाओ का निरीक्षण किया गया। भाजपा जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक सतीशचन्द बेहरा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 26 अप्रैल को 11 बजे आदर्श ग्राम्य भारती परिसर मैदान तमनार में हेलीकाप्टर के माध्यम से पहुंचेंगे और हाई स्कूल मैदान तमनार में विजय शंखनाद रैली आमसभा को संबोधित करेंगे।

### मिशन अस्पताल की पार्किंग से बाइक चोरी

**रायगढ़।** जेएमजे अस्पताल की पार्किंग से ग्रामीण की बाईक को अज्ञात चोर द्वारा पार कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उक्त वाकया चक्रधरनगर थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया क्षेत्र के ग्राम जुनवानी निवासी देवानंद सिदार अपनी पत्नी की डिलेवरी कराने गत 19 तारीख को चक्रधर नगर क्षेत्र में स्थित जेएमजे मार्निंग स्टार हास्पिटल आया था। अस्पताल के पार्किंग में वह अपनी होण्डा साईन बाईक क्रमांक सीजी 13 एएच 9245 को खड़ी कर अस्पताल में गया था। करीब 20 मिनट बाद जब वह वापस आया तो पार्किंग में उसकी बाईक नहीं थी। देवानंद ने तदाशय की रिपार्ट चक्रधर नगर थाने में कराई है।

### वाहन से टकराई तेज रफ्तार बाइक, दो घायल

**रायगढ़।** मेला देखकर वापस लौटते वक्त शराब सेवन कर मोटरसाइकिल चलाना भारी पड़ गयाए जिसमें बाईक सवार तीन युवक सामने से आ रही एक तेज रफ्तार वाहन से टकराकर बुरी तरह से घायल हो गएए जिसमे दो युवक गंभीर है, जिनमें इलाज के लिए धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल लाया गया है। उक्त सडक़ दुर्घटना धरमजयगढ़ के कापू रोड में घटित हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक बंशी पिता मंशा राम राठिया, छबिलाल पिता फूलसिंह राठिया और मनबोध पिता स्व मदन राठिया तीनों निवासी कोटलार मंगलवार को शाम हनुमान जयंती के अवसर पर खम्हार में आयोजित मेले में गए थे। वहीं बुधवार सुबह तीनों युवकों ने धरमजयगढ़ के कापू रोड में स्थित शराब भट्टी के पास रुके और शराब का सेवन किए। शराब पीने के बाद तीनों युवक अपने घर के लिए निकले थे। इसी बीच ही डोंगाघाट के पास पहुंचे हुए थे। तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार डीबीएल कंपनी की वाहन से टकरा गए। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि बाईक बुरी तरह

### घर में उपेक्षित महसूस करती थी इसलिए बहन को मारा

# छोटी ने बड़ी बहन की सिलबट्टे से की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के कोतरारोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतरापाली में गुरुवार को एक युवती की लोमहर्षक हत्या किए जाने की वारदात घटित हुई। पुलिस के मुताबिक आरोपी और मृतक दोनों सगी बहने हैं और आपसी विवाद के कारण उक्त वारदात घटित हुई है।

पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है और आरोपी ने अपना गुनाह भी कबूल कर लिया है। जानकारी के मुताबिक रंजीता महतो पिता दीनदयाल महतो उम्र 24 वर्ष आशा द हॉप पतरापाली की रहने वाली है। मृतिका सिलाई कढ़ाई का काम घर में रहकर करती थी वही उसकी मां जिंदल अस्पताल में हाउस कीपिंग कर्मचारी है जबकि पिता मजदूर है। कोतरा रोड टीआई राकेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि मृतक और आरोपी दोनों बहनों के बीच



किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। घटना दिनांक को भी खाना बनाने को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी हुई थी। भोजन बनने के बाद बड़ी बहन ने अपनी छोटी बहन को नींद से जगाकर रात करीब 10 बजे भोजन करने के लिए कहा, लेकिन आरोपी सोती रही और रंजीता जब लेट गई तब उसी छोटी बहन गुस्से से उसके करीब पहुंची और घर में रखा सिलबट्टा से रंजीता के सिर पर कई बार वार कर दिए। इस घटना में गंभीर से घायल रंजीता की मौत हो गई। पुलिस की मुताबिक दोनों बहनों में विवाद के दौरान घर के सदस्य भी रंजीता का पक्ष लेते थे। खाना बनाने के विवाद में भी रंजीता का ही पक्ष लिया गया। जो उसकी छोटी बहन नेहा महतो उम्र 22 वर्ष को नागवार गुजरा और वह इतना क्रोधित हो गई कि बड़ी बहन को जान से मार दिया। सूचना मिलने के बाद कोतरा रोड पुलिस मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य एकत्र करते हुए परिवारजनों से पूछताछ के बाद आरोपी नेहा महतो को गिरफ्तार कर लिया। नेहा ने पुलिस के सामने अपना गुनाह भी स्वीकार कर लिया है।

## रायगढ़ स्टेशन के पार्किंग संचालक पर की गई 25 हजार रुपए की दंडात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सुर्कुलेटिंग क्षेत्र में भी काट रहे रसीद, नहीं देने पर करते हैं दुर्व्यवहार
पार्किंग ठेकेदार की मनमानी

खबर का असर

रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में यात्रियों के वाहनों के सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था हेतु पार्किंग स्टैंड का प्रावधान किया गया है जहां वे यात्रा के दौरान रेलवे प्रशासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान के साथ अपने वाहनों को खड़ा कर निश्चित यात्रा कर सके। पार्किंग का संचालन पार्किंग संचालकों द्वारा किया जाता है। पार्किंग के बेहतर संचालन प्रबंधन हेतु रेलवे अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाता है ताकि यात्रियों को अपनी वाहनों को रखने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। रेलवे प्रशासन को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी हुई कि रायगढ़ पार्किंग संचालक द्वारा ड्रॉप एंड गो व सर्कुलेटिंग क्षेत्र में भी पार्किंग शुल्क वसूली के साथ बदसलूकी की जा रही है। इसके संज्ञान में आते ही वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इसकी जांच कराई गई तथा रायगढ़ पार्किंग संचालक पर 25 हजार रुपए का अर्थदण्ड आरोपित किया गया द्य साथ ही भविष्य में ऐसी शिकायतें मिलने पर इससे भी कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने के साथ ही पार्किंग टेंडर को निरस्त करने की चेतावनी दी गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह द्वारा रायगढ़ स्टेशन के पार्किंग स्टैंड का लगातार औचक निरीक्षण करने का निर्देश भी सर्व संबंधितों को दिया गया है।

## खनिज राजस्व से जिले को 1756 करोड़ की आय, लक्ष्य से 22 फीसद कम वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छग के विकास में सबसे ज्यादा पूंजी खनिज विभाग जुटाता है। खनिज संपदा वाले जिलों से ही हजारों करोड़ का राजस्व सरकार को मिल रहा है। रायगढ़ जिला इसमें पीछे नहीं है। बीते दो सालों की बात करें तो साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए राज्य सरकार की झोली में दिए गए हैं।

खनिजों से मिल रहा राजस्व भी सैकड़ों करोड़ है। गुजरे दो वित्तीय वर्ष की तुलना करने पर पता चल रहा है कि हर साल राजस्व बढ़ रहा है। वर्ष 22-23 में 1714 करोड़ राजस्व की तुलना में 23-24 में 1756 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। वर्ष 22-23 में रायगढ़ जिले को 864 करोड़ का टारगेट दिया गया था



लेकिन उम्मीद से कहीं ज्यादा 1714 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। मतलब तकरीबन दोगुना राजस्व हासिल हुआ। इसलिए 23-24 में 2239 करोड़ का टारगेट दिया गया। इस बार रायगढ़ जिले ने 1756 करोड़ रुपए छग सरकार को दिए। टारगेट भले ही पूरा नहीं हो सका लेकिन पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में करीब 42 करोड़ करा इजाफा हुआ। इसमें भी सबसे ज्यादा राजस्व कोयले से ही मिला है। कुछ खदानें कम क्षमता से चल रही हैं, इसलिए राजस्व भी कम मिल रहा है। कुछ में उत्पादन तकरीबन बंद है। इस बार का टारगेट अभी नहीं मिला है। 1739 करोड़ केवल कोयले से जिले में एसईसीएल की चारए सार्वजनिक इकाइयों की तीनए एनटीपीसी की एक और निजी कंपनियों की 8 कोयला खदानें चल रही हैं। इनमें उत्पादित कोयले पर ही करीब 1739 करोड़ का राजस्व मिला गया। बाकी करीब 17 करोड़ गौण खनिजों से मिला। रेत से मात्र 26 लाख रुपए का राजस्व मिला है जो बेहद कम है। जुर्माने के रूप में करीब पौने तीन करोड़ रुपए वसूले गए हैं।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, बाइक व दुकान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ शहर के सबसे पुराने इलाके हटरी चौक में आज सुबह एक ट्रांसफार्मर में आग लगने से वहां की दो दुकान, तीन मोटर सायकल के साथ साथ एक घर चपेट में आ गया जिससे लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड व विद्युत विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही दो दुकान तो पूरी तरह जल चुकी थी वहीं एक घर के दीवार भी इसकी चपेट में आने से जर्जर हो गई थी। साथ ही साथ ट्रांसफार्मर के पास रखी तीन मोटर सायकल भी पूरी तरह जल चुकी थी।

भारी ट्रेफिक को रोककर फायर बिग्रेड की टीम ने इस आग पर घंटो बाद काबू पाया और विद्युत विभाग भी अब व्यवस्था को दुरूस्त करने में लगा हुआ है लेकिन आसपास के व्यापारी वहां लगे ट्रांसफार्मर को लेकर मौके पर पहुंचे रायगढ़ विधायक व प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से शिकायत करते नजर आये उनकी मांग थी कि इस जगह से ट्रांसफार्मर को हटाकर दुसरी जगह शिफ्ट किया जाए ताकि दोबारा इस प्रकार की घटना न घटे। शहर के मध्य स्थित हटरी चौक इलाके में गुरुवार सुबह उस वक्त अफरा तफरी फैल गई जब अचानक स्व. सेठ किरोड़ीमल के परिवार वाले घर के सामने लगे ट्रांसफार्मर लगे अचानक धूं धूं करके जलने लगे और देखते ही देखते यह आग इतनी फैल गई कि वहां खड़ी मोटर सायकल, दुकान भी इसकी चपेट में आ गए इतना ही नही स्व. सेठ किरोड़ीमल के रिश्तेदार का घर की एक दीवार भी जलने लगी। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड व विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची तब तक यह आग इतनी बढ़ चुकी थी कि लोग पास जाने से भी कतरा रहे थे और आग की चपटे करीब 20 फीट उपर तक पहुंच गई थी।



**मौके पर पहुंचे मंत्री ओपी**

हटरी चौक व्यापारी संघ ने वहां पहुंचे रायगढ़ विधायक व प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मांग की है कि शहर के सबसे पुराने इलाके में लगे इस ट्रांसफार्मर में लगी आग की घटना को ध्यान में रखते हुए तत्काल इस जगह से उसे हटवाने के लिए विद्युत विभाग को दिशा निर्देश दें चूंकि आगजनी की इस घटना से व्यापारी काफी दहशत में है और उनका नुकसान भी विद्युत विभाग द्वारा भरा जाये। इतना ही नही नाराज व्यापारियों ने ओपी चौधरी को कहा कि यहां चैक में पहले से ही टेफिक व्यवस्था ट्रांसफार्मर के चलते प्रभावित होती है और घर व दुकान के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से फिर बडी घटना हो सकती है और इसके लिये वे प्रयास करें। व्यापारियों की बात सुनने के बाद ओपी चौधरी ने कहा कि वे हर संभव व्यापारियों को मदद करेंगे। साथ ही साथ विद्युत विभाग से चर्चा करने के बाद वैकल्पिक जगह खोजकर ट्रांसफार्मर को शिफ्टिंग कराने का भी प्रयास करेंगे।

## पेड़ से टकराया ट्रेलर, हेल्पर की मौत

**रायगढ़।** जिले के छाल थाना क्षेत्र में एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गया। रफ्तार इतनी तेज थी कि ट्रेलर दो टुकड़ों में बट गया। घटना में ड्राइवर की जान तो बच गई मगर उसके हेल्पर की जान चली गई। घटना बीते बुधवार दोपहर 2 बजे की है। घटना के संबंध में मृतक के चाचा नरेश खलखो ने पुलिस को बताया कि वे मूलतः कोरबा के रहने वाले है और रायगढ़ में ग्राम बांधापाली में रहकर ड्रायवरी का करता है। उसका भतीजा आशीष खलखों ग्राम बांधापाली के भवानी पटेल के ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 एस 5146 के चालक सहयोग खलखो के साथ हेल्परी करता था। 24 अप्रैल को अदानी कोयला खदान से कोयला लोडकर राबर्टसन साईडिंग में ले जा रहे थे कि तभी दोपहर करीबन 2.20 बजे उसे मोबाईल से सूचना मिला कि ग्राम बोजिया धुवापहरी रोड के पास ट्रेलर वाहन का एक्सीडेन्ट हो गया है। तब वह ग्राम बोजिया घटना स्थल पर जाकर देखा तो ट्रेलर वाहन रोड किनारे पलटा था एवं ट्रेलर वाहन का ड्राईवर सहयोग कुमार खलखो स्टेरिंग में दबा था और उसका भतीजा आशीष खलखो हेल्पर सीट तरफ दब गया थाण जिसके कारण उसकी मौके में ही मौत हो गयी थी। घटना के संबंध में मृतक के चाचा के लिखित आवेदन पर छाल थाना में आरोपी ड्राइवर सहयोग खलखो पर 304 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## कलेक्टोरेट सभा कक्ष में ईवीएम मशीनों का किया गया द्वितीय रेण्डमाईजेशन

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा सामान्य प्रेक्षक डॉ अंशज सिंह व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम सारंगढ़ वाशु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जशपुर प्रदीप साहू भी उपस्थित रहे। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के सॉफ्टवेयर में विधान सभावार ईवीएम, वीवीपैट मशीनों के द्वितीय रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। रायगढ़ लोकसभा में एफएलसी पश्चात 2881 बीयूए 2881 सीयू तथा 3117 वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन किया गया।

## सुविधा एप के माध्यम से करें अनुमति संबंधित आनलाइन आवेदन

**रायगढ़।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन लडऩे वाले सभी अभ्यर्थियों की बैठक ली गई। इस दौरान सभी अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए प्रचार प्रसार, मतयाचना करने की बात कहते हुए निर्धारित तिथि पर व्यय लेखा अवलोकन कराने हेतु कहा गया।

- निर्धारित तिथियों में कराएं व्यय लेखा का अवलोकन

सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह ने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन कराना ही इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य है। इसमें सभी को एक दूसरे पर व्यक्तिगत आक्षेप, आरोप प्रत्यारोप से बचना चाहिए। सामान्य प्रेक्षक डॉ सिंह ने ईवीएम और वीवीपैट की विश्वसनीयता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम ईवीएम और वीवीपैट का विधानसभावार रेडमाइज्ड किया गया है। इसके बाद मतदान केंद्रों के अनुसार ईवीएम एवं वीवीपैट को आबंटन किया जाएगा। इसके ट्रांसपोर्ट करने की तिथि और रूट चार्ट की भी जानकारी सभी अभ्यार्थियों को दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी फोन अथवा मोबाइल या सर्किट हाऊस स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर निष्पक्ष रूप से रखने की बात कही।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी अभ्यर्थी समान हैं। इसके लिए निष्पक्ष रूप से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने आचार संहिता का पालन करते हुए वाहन, रैली, सभा एवं कार्यक्रम सहित प्रचार सामग्री की निर्धारित फार्मेट में अनुमति लेने की बात कही।

### राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने ली शपथ

# आदिवासियों को मुख्यधारा में लाएंगे: देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच राज्यसभा के नवनिर्वाचित सांसद राजा देवेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को दिल्ली में शपथ ग्रहण की। राज्यसभा के सभापति व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के अगले ही दिन शुक्रवार से सांसद फिर से प्रदेश में लोकसभा चुनाव की प्रचार की बागडोर संभाल लेंगे। शपथ ग्रहण के बाद राजा देवेंद्र ने कहा कि वे शिक्षा के आधुनिकीकरण पर पूरा फोकस करेंगे। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के बच्चों के लिए पढ़ाई के अनुरूप माहौल बनाने और उन्हें हर सुविधा देने को कोशिश रहेगी उच्च शिक्षा के लिए और पीएससी यूपीएससी के लिए भी सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास



करेंगे। नवीन स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था करने के लिए वह प्रतिबद्ध रहेंगे। साथ ही अपने क्षेत्र में पर्यटन का विकास कर आमदनी के नए स्त्रोतों का सृजन करेंगे। अतुलनीय छत्तीसगढ़ में असीम पर्यटन है, इसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी मैं लेता हूं।

### रेल रूट के विस्तार के लिए करूंगा काम

सांसद राजा देवेंद्र ने कहा कि रायगढ़ दृ रांची रेलवे का विस्तार के लिए मैं पहल करूंगा। मोदी सरकार भारतीय रेल में अकल्पनीय परिवर्तन कर रही है, जिसका फायदा छत्तीसगढ़ को भी मिलेगा। इन जगहों पर जहां सड़कें नही है, वहां सड़कों का विस्तार हो। आदिवासियों का विकास मेरी प्राथमिकता होगी। छत्तीसगढ़ में हर युवा को रोजगार और स्व.रोजगार की उपलब्धता हो। ऐसी मेरी कोशिश रहेगी। मैं उच्च शिक्षा की समुचित व्यवस्था के लिए जरूरी कदम उठाऊंगा। मेरी कोशिश रहेगी कि ऐसी व्यवस्था बने, जिससे सरकारी संस्थानों का बेहतर संचालन संभव हो सके। बीते 1 महीने से राजा देवेंद्र प्रताप सिंह सरगुजा से लेकर बस्तर तक लगातार भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

## संस्कार स्कूल में भगत सिंह स्काउट दल गठित

**रायगढ़।** रायगढ़ की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल विभिन्न व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम के लिए भी प्रसिद्ध है। संस्था की प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा के निर्देशन में पिछले सत्र से स्काउट गाइड नियमित रूप से आरंभ किया गया। जिसके तहत जिला स्काउट गाइड प्रभारी विकास तिवारी एवं सह प्रभारी रामाधार चौधरी के निर्देशन में 26 जनवरी में संस्कार पब्लिक स्कूल के स्काउट दल ने परेड में हिस्सा लिया। उसमें शानदार प्रदर्शन के कारण प्रथम वर्ष में ही संस्कार पब्लिक स्कूल ने स्काउट परेड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शानदार प्रदर्शन और स्काउट में सहभागिता के चलते स्काउट दल एवं गाइड दल का नाम तय किया गया। जिसमें बालक स्काउट दल को भगत सिंह दल बालिका गाइड दल को सावित्री बाई फुले दल का नाम दिया गया है। इससे संबंधित प्रमाण पत्र स्काउट गाइड प्रभारी विकास तिवारी एवं रामाधार चौधरी के द्वारा संस्कार पब्लिक स्कूल के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा को सौंपा गया। मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास को एक नया आयाम मिलेगा। जो जीवन के संघर्ष में अनुशासन और मेहनत के लिए बच्चों को प्रेरित करेगा।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने की जिला बदर की कार्रवाई

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत दीपक उर्फ चिन्ना पाण्डेय उम्र 34 वर्ष, पिता स्व. राकेश पाण्डेय, निवासी ब्राम्हण मोहल्ला पुरानी बस्ती कोरबा निवासी को जिला बदर करते हुए आदेशित किया है कि वह 24 घंटे के अन्दर कोरबा राजस्व जिला तथा समीपवर्ती जिला बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले क्षेत्र से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए जिले एवं उक्त उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश न करें। उन्होंने इस आदेश का तुरंत पालन किए जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि आदेश का पालन न किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर हुई बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर कोल इंडिया मुख्यालय एवं सभी अनुषंगी कंपनियों के सिस्टम एवं ईएंडटी महाप्रबंधकों की समनवय बैठक एसईसीएल मुख्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी साइबर सुरक्षा कार्यान्वयन दिशानिर्देशों पर चर्चा की गई। निदेशक तक (संचा.) ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनिवार्य किए गए विभिन्न साइबर सुरक्षा उपायों को अपनाकर कंपनी के डेटा की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

### खदान में भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा हुई

**कोरबा।** जिले की कोयला खदानों भूजल संरक्षण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण दिल्ली व रायपुर के सदस्य टीम में शामिल थे। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण नई दिल्ली व क्षेत्रीय मुख्यालय रायपुर के सदस्यों में सचिव टीबी एन सिंह की मौजूदगी रही। जिनकी अध्यक्षता में सोमवार और मंगलवार को एसईसीएल की गेवरा, दीपका व बगदेवा खदानों का निरीक्षण किया।खदान प्रबंधन द्वारा भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा की। इस अवसर पर भूजल प्राधिकारण के सदस्यों द्वारा भूजल के प्रभावी उपयोग व भूजल पुनर्भरण के महत्त्व पर जोर दिया गया है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा इस ओर सतत प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता ली गयी। दौरे को सफल बनाने में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से महाप्रबंधक (पर्यावरण) बीके जेना, एसईसीएल गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके मोहंती, गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एके सक्सेना व कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंड्या की अहम भूमिका रही।

### दो सूने मकान से चोरी हजारों का माल पार

**कोरबा।** चोरों ने दो सूने मकान को निशाना बनाकर हजारों का माल पार कर दिया है। चोरों ने एसईसीएल कर्मी के घर धावा बोलकर 85 हजार रुपए के सामनों की चोरी कर ली। सेंट्रल वर्कशॉप में कार्यरत फोरमैन रामायण तिवारी का सुभाष ब्लॉक कॉलोनी में मकान है। 18 अप्रैल को तिवारी अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में दुर्ग गए थे। इस बीच चोरों ने मकान में धावा बोलकर ताला तोड़ दिया। अल्मारी से 15 हजार रुपए नकद और सोने की मंगलसूत्र व पायल की चोरी कर ली। इसी तरह चोरों ने दीपका के शक्तिनगर स्थित एक अधिकारी के घर धावा बोलकर टीवी, सेटअप बॉक्स सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। इसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपए बताई जा रही है। शक्तिनगर के आवास बी 211 में आनंदाप्पा का मकान है। वह बीएचईएल में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। आनंदाप्पा परिवार के साथ मैसूर गए थे। इस बीच चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़ दिया। घरेलू सामान चोरी कर ले गए।

### तेज रफ्तार वाहन चालन दुर्घटनाओं को कर रही आमंत्रित

# लगातार हो रहीं सड़क दुर्घटना, जिम्मेदार कौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है। तेज रफ्तार दो पहिया वाहन चालक लगातार सड़क हादसे में घायल हो रहे है या फिर उनकी मौत हो रही है। सड़क दुर्घटना के आंकड़े लगातार बढ़ते जा रहे है। खास तौर जिनके हाथ अभी-अभी गाड़ी आई है या नाबालिक वाहन चालक तेज रफ्तार में स्टंट करते हुए सड़क पर चलते है। सड़क पर चौक-चाराहों में कहीं भी यातायात पुलिस नजर नहीं आती है। कभी भी यातायात पुलिस कहीं भी अव्यस्था को सुधारते नजर नहीं आती है। इससे बाइक राइडर्स बेखौफ होकर तेज रफ्तार शहर में दोपहिया वाहन चलाते है। ऐसे वहां चालक खुद तो हादसे का शिकार होते ही है सड़क पर चलने वालो के लिए भी दुर्घटना का सबब बनते है।

- चौक-चाराहों में कहीं भी यातायात पुलिस नजर नहीं आती



दो मोटर साइकिलों के भिंड़त से घायल युवक।

**यातायात अव्यस्था को दुरुस्त करने का प्रयास**

जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के प्रति पूरा पुलिस विभाग सतर्क है। हमारी कोशिश रहेगी हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके। तेज रफ्तार में चलने वाले वाइकर्स को रोकने का प्रयास तेज किया जाएगा। जल्द ही शहर में लगे सिग्नल की कमियों को दूर कर फिर से शुरू किया जाएगा। पालकों को नाबालिक बच्चों को बाइक न चलाने देने की सलाह है। शहर की यातायात अव्यस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा।

**शशि मोहन सिंह,** पुलिस अधीक्षक जशपुर

**वर्ष 2021 से अप्रैल 2024 तक हुई दुर्घटना में घायल और मृतकों की जानकारी**

| वर्ष | दुर्घटना | घायल | मृतक |
|---|---|---|---|
| वर्ष 2021 | 326 | 194 | 211 |
| वर्ष 2022 | 321 | 263 | 205 |
| वर्ष 2023 | 253 | 179 | 256 |
| वर्ष 2024 (21 अप्रैल तक) | 110 | जानकारी नहीं | 115 |

**दुर्घटना के मुख्य कारण**

- तेज रफ्तार से वाहन चालाना
- नाबालिग जिन्हें ठीक से हेंडिल सभांलना नहीं आता सड़क पर वाहन चला रहे हैं
- तेज रफ्तार वाली दो पहिया वाहनों का बाजार में आना।
- यातायात नियमों की अज्ञानता
- यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करना
- अभिभावकों द्वारा बच्चों को बिना ट्रैफिक सेंस के वाहन देना



मनोरा जंगल में लगी आग।

## नहीं थम रही जंगल में आग की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- नहीं रूक रही पेड़ों की अवैध कटाई
- आग बुझाने वन विभाग के पास संसाधन की कमी

जिला मुख्यालय से लगे मनोरा विकासखंड मुख्यालय के पकरी टोली मार्ग के जंगल में अब आग लगी है। इससे पूर्व जशपुर से लगे और आसपास के जंगलों में आग लग गई है।

वनविभाग अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन कहीं न कहीं आग लग जा रही है। इसे रोकने का वन विभाग के पास कोई ठोस समाधान नहीं है। जिसके कारण वन संपति को लगातार हानि हो रही है। मनोरा पकड़ी टोली रास्ते में लगी आग को अभी तक बुझाया नही जा सका है। वनों को हानि केवल आग से ही नही हो रही है। आग की रफ्तार से वनों की कटाई भी हो रही है। वन विभाग जिसकी जिम्मेदारी वनों की रक्षा के लिए है केवल मूकदर्शक बना हुआ है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में जंगल जो जशपुर की पहचान है उसे खोने के लिए तैयार रहना होगा। जरूरत है वनों में लगाने वाली आग और होने वाली वनों की कटाई को रोकने का स्थाई समाधान। जागरूक होना पड़ेगा स्थानीय लोगों को वनों को बचाने के लिए। वन समितियों को भी अपने दतिया का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करने की जरूरत है।

# रेत चोरों ने कुदुरमाल में अलग से बना लिया था रेतघाट, खनिज विभाग का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेत तस्कर लगातार प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर शहर के अलग-अलग क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में रेत की चोरी कर रहे हैं। रेत तस्कर इतने शातिर हो गए थे कि कुदुरमल के स्वीकृत घाट से अलग कुछ दूरी पर ही अलग से अपना रेतघाट बना रखे थे। जहां से रेत की निकासी कर लगातार रेत बेचकर मालामाल हो रहे थे लेकिन खनिज विभाग को जब इसकी सूचना मिली रेत चोरों के मंसूबे फेल हो गए और मौके से पांच ट्रैक्टर को जप्त किया गया है जबकि ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ भी इस मामले में अपराध दर्ज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार खनिज विभाग द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आसानी से रेत मुहैय्या हो सके इसके लिए रेतघाट स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदुरमहल में भी रेतघाट स्वीकृत किया गया है। जिसका संचालन ग्राम पंचायत के अधीन किया जा रहा है लेकिन रेत तस्कर इतने सक्रिय हैं कि जिस स्थान पर कुदुरमाल में रेतघाट स्वीकृत कर संचालित किया जा रहा था वहां से कुछ ही दूरी पर ही रेत चोरों ने अपने लिए अलग से रेत घाट बना रखा था और वहां से रेत निकालकर लगातार शहर व गांव में रेत खपा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार के निर्देश पर सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे व उनकी टीम ने आज छापामार की कार्यवाही की। जहां अवैध रेतघाट का पर्दाफाश हो गया और मौके से कुल चार ट्रैक्टर व शहरी क्षेत्र से एक ट्रैक्टर को रेत का अवैध उत्खनन परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। कुल 5 ट्रैक्टर के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई की है। इस कार्यवाही से रेत चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में ग्राम पंचायत कुदुरमल के सरपंच, सचिव को भी नोटिस जारी किया गया है और उनसे पूरी जानकारी हासिल की जा रही है।

**खास बात**

- अवैध परिवहन करते हुए पांच ट्रैक्टर को किया गया जप्त



कुदुरमाल घाट के पास जब्त ट्रैक्टर।

**पांच ट्रैक्टर किया गया जब्त**

बरबसपुर में अवैध रेत घाट संचालन की शिकायत पर खनिज विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी थी। जहां से कुल 5 ट्रैक्टर को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया गया है। साथ ही ग्राम कुदुरमाल के सरपंच सचिव को भी नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा ग्राम बरबसपुर में रेत का भंडारण करने वाले रामलाल कंवर को भी नोटिस जारी कर भंडारण व परिवहन किए गए रेत की सारी जानकारियां मांगी गई है। यदि इस मामले में किसी की भी कोई संलिप्तता पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**प्रमोद कुमार,** उपसंचालक, खनिज विभाग कोरबा

## शराब दुकान में कट्टे की नोक पर लाखों की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली स्थित शराब दुकान में देर रात को कट्टे की नोक पर लाखों रुपए लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। लूट की सूचना मिलते ही जिला पुलिस ने जिले भर में नाके बंदी कर लुटेरों की सर गर्मी से खोजबीन की जा रही है। लुटेरे बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की पतासाजी में जुट गई है।

मामला जिले के पाली थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि रात लगभग 9:45 बजे शराब दुकान बंद करने के दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक वहां पहुंचे। वे शराब खरीदने के बहाने दुकान पर पहुंचे थे। मौका पाते ही दोनों युवक शराब दुकान में घुस गए और शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों की कनपटी पर कट्टा अड़ा दिया। इसके बाद लुटेरे शराब दुकान में रखे लाखों रुपए नकद लेकर बाइक पर सवार होकर भाग निकले। लूट की घटना होते ही मौके पर मौजूद शराब कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। आला अधिकारी सूचना पाते ही दलबल सहित मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस लुटेरों के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि शराब दुकान में लगे सीसीटीवी का फुटेज निकाल कर पुलिस फिलहाल मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। पुलिस के अधिकारी मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं।

**खास बात**

- बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे लुटेरे

## परसाखोला में डूबने से छात्र की मौत दोस्तों के साथ गया था नहाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हनुमान जयंती पर घर से दोस्तों के साथ मंदिर में दर्शन करने के नाम से निकले 3 छात्र नहाने के लिए परसाखोला पिकनिक स्पॉट जा पहुंचे थे। जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र के साडा कालोनी में निवासरत सुशील महंत का पुत्र मोहनीश केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 12वीं का छात्र था। मंगलवार को हनुमान जयंती पर मंदिर दर्शन के लिए मोहनीश अपने दो दोस्त के साथ निकला था और जहां से तीनों छात्र बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाखोला पिकनिक स्पॉट जा पहुंचे जहं तीनों छात्र नाला में नहाने लगे और नहाने के दौरान मोहनीश गहरे पानी में डूब गया। साथ गए दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे बचाने में कामयाबी नहीं मिली। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों व पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। जहां गोताखोरों की मदद से खोजबीन की गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद शाम को मोहनीश का शव बरामद कर वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र के परसाखोला में हुई घटना

## कई ट्रेनें हुई रद्द, कैंसल ट्रेनों की लिस्ट हुई जारी

**कोरबा।** रेलवे की ओर से यात्री सुविधाओं के लिए किया जा रहा विस्तार यात्रियों के लिए ही मुसीबत बनता जा रहा है। बीते दिनों रेलवे द्वारा रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य के चलते 19 गाड़ियां रद्द की गई थी। इसके बाद अब एक बार फिर रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जबकि कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का फिसला किया है। रेलवे के अनुसार दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद रेल मण्डल के काजीपेट जंक्शन कोंडापल्ली सेक्शन और विजयवाड़ा रेल मण्डल के विजयवाड़ा-गोधरा जंक्शन के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य जाएगा। जिसके चलते नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों का भी परिचालन प्रभावित रहेगा। रद्द होने वाली गाड़ियों में 1, 4, 8, 11, 15, 18 और 22 मई को कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## सबस्टेशन कर्मियों को मिला वेतन, फिर भी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सब स्टेशन में काम करने वाले ठेका श्रमिकों को 2 महीने से ना ही वेतन मिला है और ना ही बोनस मिलने पर बुधवार से सब स्टेशन कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। ठेकेदार ने एक महीने का वेतन जरुर डाला है लेकिन कर्मी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में 50 से अधिक सब स्टेशन हैं। जिन सब स्टेशन का संचालन विद्युत विभाग द्वारा जेबीएस नामक ठेका कंपनी को दिया गया है। जेबीएस ठेका कंपनी द्वारा ठेका कर्मियों को 2 महीने का ना ही वेतन दिया गया है और ना ही 6 महीने का बोनस दिया गया है जिसे लेकर ठेका कर्मियों ने बुधवार से हड़ताल कर दिया है और सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं।

अवकाश पर जाते ही बुधवार को ठेकेदार ने ठेका कर्मियों के एकाउंट में एक महीने का वेतन जरुर डाला है लेकिन ठेका कर्मी हड़ताल पर डटे हुए हैं वही दूसरी ओर सब स्टेशन का चार्ज लाइनमेन संभाल रहे हैं। बुधवार की शाम शहर के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था बाधित रही जिसके चलते विद्युत विभाग के अफसरों को विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**खास बात**

- लाइनमैन संभाल रहे हैं सब स्टेशन का चार्ज, घंटों बाधित रही विद्युत व्यवस्था



विद्युत विभाग के कार्यालय में प्रदर्शन करते ठेका कर्मी।

### छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ, नए मतदाताओं को किया गया जागरूक

# एनईएस पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में नगर पंचायत पत्थलगांव सहित अन्य ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई। वही रंगोली बनाकर, हाथों में मेहंदी लगाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु सन्देश दिया। शासकीय राम भजन राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी नव मतदाताओं को मतदान संबंधी जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। साथ सभी छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इसी तरह कुनकुरी में भी युवाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अपनी सहभगिता दिखाई और लोगों को मतदान हेतु जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने सभी से लोकसभा चुनाव में 7 मई को मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही नए मतदाताओं को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी को लेकर शपथ भी दिलाई गई। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी से मतदान करने की अपील की जा रही है। इसके लिए प्रतिदिन जिले भर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।




नए मतदाताओं को दिलाई गई शपथ।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रमः शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा चुनाव के तहत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने, छत्तीसगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल के निर्देश पर सेक्टर क्रमांक 16 भितघरा में सेक्टर अधिकारी श्री एम आर यादव, शैक्षिक समन्वयक समन्वयक सुरेश कुमार यादव मतदान केंद्र क्रमांक 87 रायकेरा में उपसरपंच महेश्वर राम यादव, ग्राम के नागरिक सानू राम, हृषिकेश, नारायण यादव, तारकेश्वर यादव, राजपाल राम यादव, शिक्षक नारायण सिंह राजपूत, अश्वनी भगत, माग्रेट कुजूर, जोवन्नी तिर्की, सरिता भगत, अन्य सभी मतदाताओं की उपस्थिति में उड़यि भाषा मे मतदान का शपथ लिया गया । वही मतदान केंद्र क्रमांक 118 जुरूडाँड़ में ग्राम के मतदाता श्रीमती प्रेमलता कुजूर, बलमती बाई, दुबली बाई, शिला, रमेश, नैहर साय, नंद कुमार, बर्थ बाई, शिक्षिका बलमदीना तिर्की, कविता सोनी और डोलमनी सिंह सभी मतदाताओं की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी भाषा मे मतदान का शपथ लिया गया इसी तरह मतदान केंद्र क्रमांक 105 खंताडाँड़ में पंच श्री गोविंद यादव, पंच हेमन्त यादव,श्रीमती रिमिता बाई,विजय राम, टोंकाधर यादव, सचिव ऊषा नागेश, सुमित्रा बाई, हेमा बाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मरियम तिर्की, बी एल ओ बालेश्वरी पैंकरा, शिक्षक सनमत राम बनवासी, नेहरू लाल चौहान अन्य सभी मतदाताओं की उपस्थिति में सादरी बोली में मतदान का शपथ लिया गया । वही ग्राम पंचायत झिक्की में के मतदाता श्री पिंगल कुजूर, श्रीमती फुलकुँवारी लकड़ा, शांति कुजूर, अरुणा कुजूर, अल्पना कुजूर, बसंती कुजूर, सीता भगत, शिक्षक श्री अगहन साय केहरी,कु. दिव्या ज्योति कुजूर अन्य सभी मतदाताओं की उपस्थिति में कुँडुख बोली मे मतदान का शपथ लिया गया ।

- मतदाताओं को उड़िया, सादरी छत्तीसगढ़ी, कुंडुख बोली में दिलाई गई शपथ



# अमिताभ की फिल्म 'शूबाइट' अटकी है 12 साल से ...

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की 12 साल से अटकी फिल्म शूबाइट रिलीज हो सकती है। निर्देशक शुजीत सरकार ने अमिताभ बच्चन को लेकर वर्ष 2012 में फिल्म शूबाइट बनाई थी। शूबाइट कई तरह के विवादों के चलते अब तक रिलीज नहीं हुई है। शूबाइट के बाद शुजीत सरकार ने अमिताभ को लेकर फिल्म पिंक, पीकू और गुलाबो सिताबो बनाई। शुजीत सरकार चाहते हैं कि फिल्म शूबाइट रिलीज हो। शूजीत सरकार ने कहा,शूबाइट फिल्म मेरे दिल के काफी करीब है। मैं सभी को फिल्म शूबाइट दिखाना चाहता हूं कि इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने किस तरह से अपना दिल और आत्मा निकालकर रख दी थी।

लाइफ Style



# किआरा

## सलमान की फिल्म 'सिकंदर' में करेंगी काम

बॉलीवुड अभिनेत्री किआरा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती हैं। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' अनाउंस की थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं।'सिकंदर' अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शायद आपको ये जानकर थोड़ी सी हैरानी होगी कि कियारा आडवाणी ने अपने 9 साल के करियर में 25 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। यही नही इनमें से ज्यादातर फिल्में सुपरहिट है। कियारा ने 2014 में फिल्म फगली से डेब्यू किया था हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। इसके बाद कियारा 2016 में सुशांत सिंह राजपूत स्टारर सुपरहिट फिल्म एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी में लीड रोल में नजर आई। इस फिल्म ने कियारा की किस्मत ही पलट दी और वो रातों रात स्टार बन गई।

## हॉलीवुड मसाला



# बनाया अपने 'मर्डर' का प्लान

**लॉस एंजिलस।** फेमस सीरीज 'ब्रेकिंग बैड' में काम करने वाले हॉलीवुड एक्टर जियानकार्लो एस्पोसिटो दुनियाभर में जाने जाते हैं। अब एक्टर ने एक शो में अपनी जिंदगी में आई आर्थिक दिक्कतों के बारे में बात की है। एक्टर ने बताया कि वो इतने परेशान थे कि उन्होंने अपने 'मर्डर' का प्लान बना दिया था ताकि उनके चारों बच्चे इंश्योरेंस के पैसे क्लेम कर सकें। जिम एंड सैम शो पर जियानकार्लो एस्पोसिटो ने कहा, 'मेरे दिमाग में बाहर निकलना का आइडिया ये थाः क्या आत्महत्या करने पर इंश्योरेंस मिलता है?



# एक दूसरे के सामने आए डेडपूल-वुल्वरीन

**लॉस एंजिलस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। इस फिल्म में सालों के इंतजार के बाद एक्स-मेन में वुल्वरीन बने नजर आ चुके एक्टर ह्यू जैकमैन एक बार फिर अपने पुराने अवतार में लौट रहे हैं। इस फिल्म में वुल्वरीन और डेडपूल से लड़ाई करते और फिर उसके साथ मिशन पर जाते देखा जाने वाला है। फिल्म का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन', 26 जुलाई को सिनेमाघरों में हिंदी, इंग्लिश, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज होगी। फिल्म का हिंदी ट्रेलर काफी मजेदार है। इसके डायलॉग सुनकर आपको हंसी तो आएगी ही, साथ ही आंखें भी फटी रह जाएंगी। नए टेलर में वुल्वरीन और डेडपूल को आपस में भिड़ते देखा जा सकता है।



# 6 साल बाद फिल्म इंडस्ट्री में करेंगी कमबैक


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा 49 साल की हो गई हैं। प्रीति बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में शुमार की जाती हैं। उन्होंने कल हो ना हो, कभी अलविदा ना कहना, कोई मिल गया, सलाम नमस्ते, वीर जारा समेत कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई थी। प्रीति अब अमरीका में सेटल हो चुकी हैं, जहां वह पति जीन गुडइनफ और दो बच्चों के साथ रहती हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, प्रीति सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 से कमबैक कर सकती हैं। हाल ही में उन्हें इस फिल्म के लुक टेस्ट के लिए मुंबई के एक स्टूडियो में भी देखा गया था। प्रीति आखिरी बार भैयाजी सुपरहिट में नजर आई थीं। ये फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया।




# किसके खिलाफ लड़ाई लड़ने आ रही फुले

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता प्रतीक गांधी और अभिनेत्री पत्रलेखा की आने वाली फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की मुख्य भूमिका है। फिल्म में प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाते नजर आयेंगी। फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। निर्देशक अनंत नारायण महादेवन ने बताया कि महात्मा और ज्योतिबा फुले ने जाति और भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जो दुर्भाग्य से आज भी कायम है। मेरा लक्ष्य इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत को फिर से शुरू करना है जो हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस ओटीटी 3' देखना पड़ेगा आपकी जेब पर भारी!

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग ये जानने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं कि शो कब शुरू होगा। 'बिग बॉस 17' खत्म होने के बाद से ही 'बिग बॉस ओटीटी 3' का इंतजार शुरू हो गया है। हर कोई जानना चाहता है कि इस बार शो में कौन-कौन से सेलिब्रिटी आएंगे और ये सीजन कैसा होगा।

***'बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार दिखेंगे ये बदलाव :*** रियलिटी टीवी शो को लेकर हर बार कई तरह की अफवाह सामने आती रही हैं। बताया जा रहा है कि इस सीजन में कई बदलाव होने वाले हैं। हाल ही में कहा जा रहा है कि ये सीजन फैंस फ्री में नहीं देख पाएंगे। जी हां 'बिग बॉस ओटीटी' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' वूट और जियो सिनेमा पर फ्री में देखे गए थे। रिपोर्ट्स के मुतबाबिक अब जियो सिनेमा ने फैसला किया है कि दर्शकों को शो के एपिसोड और लाइव फीड देखने के लिए पैसे देने होंगे।

***इस तारीख से रिलीज होगा बिग बॉस ओटीटी 3' ?*** : मेकर्स ने हाल ही में शो का एक पोस्ट भी शेयर किया था और फैंस से पूछा था कि वे रियलिटी शो में किसे देखना चाहते हैं। हालांकि, शो के बारे में ताजा अपडेट के मुताबिक 'बिग बॉस ओटीटी 3' 4 जून या 5 जून को शुरू होगा। ये शो अगस्त तक चलेगा। बता दें कि 'बिग बॉस ओटीटी' केवल छह हफ्ते का गेम है। इसी के साथ रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि 'बिग बॉस 18' का प्रीमियर सितंबर या अक्टूबर से होगा।

### कई सेलिब्रिटीज को किया गया अप्रोच

वहीं शो के लिए कई सेलिब्रिटीज को अप्रोच किया गया है। हालांकि कुछ सेलेब्स के नाम भी लिस्ट में से सामने आ रहे हैं। जिसमें अरहान बहल, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, शीज़ान खान, मैक्सटर्न, ठगेश, रोहित खत्री, दलजीत कौर, श्रीराम चंद्रा, अर्यांशी शर्मा, सैंकी उपाध्याय, तुषार सिलावट, रोहित ज़िन्जुर्के, मोहम्मद शामिल हैं।

# दिगांगना 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' के लिए तैयार



**मुंबई।** एक बड़े मुहर्त कार्यक्रम में फिल्म 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' की शुरुआत हुई, जिसमें फिल्म जगत के कई प्रसिद्ध लोग मौजूद थे। काकतीय हिल्स के वेंकटेश्वर मंदिर में आयोजित एक विशेष समारोह में शामिल होने वालों में दिल राजू, निर्देशक अनिल रविपुडी और साई कुमार जैसे बड़े नाम शामिल थे। वीरभद्रम चौधरी द्वारा निर्देशित, 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' एक मजेदार पारिवारिक मनोरंजक फिल्म होने का वादा करती है। इसमें दिगांगना सूर्यवंशी और आदि साई कुमार हैं।


# 'तुम्हारा क्या करूंगा मैं यार?' जब महेश ने मनोज से कही थी ये बात...

*मुंबई। दमदार एक्टर मनोज बाजपेयी ने अपना 55वां जन्मदिन मनाया। हाल ही में वह 'साइलेंस 2', 'किलर सूप' में नजर आए। मनोज बाजपेयी पहले टेलीविजन शो, फिर फिल्में और अब वेब सीरीज में अपना लोहा मनवा रहे हैं। बाजपेयी का करियर वक्त के साथ बुलंदियां छूता रहा, लेकिन इसकी शुरुआत काफी कठिन रही। अभिनेता ने बहुत स्ट्रगल किया और ताने भी सुने। दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने उन्हें ये तक कह दिया था कि वह हीरो नहीं दिखते, न उन्हें नाचना आता तो वह उनका क्या करेंगे। इसके बारे में खुद मनोज बाजपेयी ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में किया था।*

### शेखर कपूर बोले- शादी के बाद बच्चों को क्या खिलाएगा

*अतिका फारूकी को दिए इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया था कि 90 के दौर में शेखर कपूर ने उन्हें मुंबई जाने की सलाह दी थी। जब वह थिएटर करते थे तो शेखर ने उन्हें कहा था, 'रंगमंच हो गया, कल को जब वह शादी करोगे तो बच्चों को खिलाने के लिए पैसे चाहिए होंगे, इसलिए मुंबई चले जाओ। मनोज ने बताया कि वह डर गए और आगे की लाइफ को अच्छा बनाने के लिए मुंबई आ गए।*

### उस वक्त मेरे लिए कोई जगह नहीं थी





*मनोज बाजपेयी ने कहा कि उस वक्त वह खुद को फिट नहीं रख पाते थे। मनोज ने कहा था, "उस वक्त की जो स्थिति थी, उसमें हमारे लिए कोई जगह नहीं थी। हम जिस भी स्टूडियो में जाते थे, वहां पर या तो सिर्फ स्टार होते थे और शूटिंग होती थी। हर दूसरे फ्लोर पर गाने की शूटिंग चल रही होती थी। मनोज ने बताया कि उस वक्त हर कोई उन्हें रिजेक्ट कर देता था। जो उनकी तरफ देखता था वो कहता था कि इसका हम क्या करेंगे। मुझे भी लगा कि ये सच में हमारा क्या करेंगे।*

### द्रोहकाल से डेब्यू, बैंडिट क्वीन से मिली पहचान

हालांकि मनोज बाजपेयी ने हार नहीं मानी और संघर्ष करते रहे। इसके बाद उन्हें फिल्म 'द्रोहकाल' में एक छोटा सा रोल मिला जो सिर्फ 1 मिनट का था। इसके बाद फिर उन्हें शेखर कपूर की फिल्म 'बैंडिट क्वीन' में काम करने का मौका मिला और फिर साल 1998 में उनके हाथ फिल्म 'सत्या' लगी। इस फिल्म से मनोज बाजपेयी को पहचान मिली। फिल्म में उन्होंने भीखू मात्रे का रोल निभाया था और इसे लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। उन्हें इस किरदार के लिए फिल्मफेयर भी मिला। आज वह अपने अलग-अलग किरदारों के लिए जाने जाते हैं।

# गर्मी में बाहर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत, ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये एक्शन और थ्रिलर फिल्में


***मुंबई।** अप्रैल माह का चौथा हफ्ता शुरू हो गया है, सिनेमा प्रेमियों के मन में सवाल उठ रहे होंगे कि इस हफ्ते क्या नया आया है देखने के लिए। हम आपके लिए ओटीटी पर इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और ओटीटी की पूरी लिस्ट लेकर आए हैं।जिन्हें आप नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियो सिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर घर बैठे देख सकते हैं और गर्मी के दिनों में फैमिली संग एन्जॉय कर सकते हैं। दर्शकों के लिए अप्रैल का यह हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है। आईए जानते हैं कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं।*

**रणनीतिः** बालाकोट एंड बियॉन्ड जिमी शेरगिल, आशुतोष राणा और लारा दत्ता की 'रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' इस वीक से ओटीटी के दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। ये सीरीज 2019 बालाकोट हवाई हमलो पर आधारित है। इसे आप 24 अप्रैल के बाद जियो सिनेमा पर देख सकते हैं।

**दिल दोस्ती डिलेमा :** दिल दोस्ती डिलेमा' एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे गर्मियों की छुट्टियों में सजा के तौर पर उसके दादा-दादी के पारंपरिक मोहल्ले में भेज दिया जाता है। हालांकि अपनी सोशल इमेज बनाने के लिए वह दोस्तों से कहती है कि वह कनाडा जा रही है। इस वेब सीरीज में अनुष्का सेन, कुश जोतवानी, तन्वी आजमी, शिशिर शर्मा, सुहासिनी मुले, एलीशा मेयर, रेवती पिल्लई और श्रुति सेठ मुख्य भूमिका में हैं। यह 25 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**वश :** 'वश' में हितु कनोडिया, नीलम पांचाल, हितेन कुमार, जानकी बोडीवाला और




आर्यन सांघवी हैं। फिल्म में एक परिवार प्रताप नाम के एक अजनबी से मिलता है, जो शुरू में उनकी मदद करता है, लेकिन बाद में उनके लिए परेशानी खड़ी कर देता है। आप इसे शेमारू पर 26 अप्रैल से देख सकते हैं।

**क्रैक :** अर्जुन रामपाल और विद्युत जामवाल की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'क्रैक' मुंबई स्थित एक स्टंटमैन पर आधारित है, जो अपने भाई के लापता होने की सच्चाई जानने के लिए एक खेल टूर्नामेंट में हिस्सा लेता है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। यह फिल्म 26 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**टिल्लू स्क्वायर :** 'टिल्लू स्क्वायर' की कहानी बाल गंगाधर तिलक उर्फ टिल्लू पर आधारित है, जिसकी लाइफ तब उलट-पुलट हो जाता है जब वह एक रहस्यमय हत्या के मामले में फंस जाता है. मल्लिक राम द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म में अनुपमा परमेश्वरन मुख्य भूमिका में हैं। आप इस फिल्म को इस हफ्ते नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**डेड बॉय डिटेक्टिव्स :** इस सीरीज़ में जॉर्ज रेक्सट्रू और जेडन रेवरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**भीमा :** इस फिल्म की कहानी एक जासूस के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक छोटे से शहर के मंदिर में होने वाली रहस्यमयी घटनाओं की जांच करता है। फिल्म में गोपीचंद, प्रिया भवानी शंकर, मालविका शर्मा, नासर, नरेश, पूर्णा, वेनेला किशोर, रघु बाबू, मुकेश तिवारी, छम्मक चंद्र, निहारिका कोनिडेला और रोहिणी अमह भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 25 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**खबर संक्षेप**

### बस स्टैंड में हनुमान जयंती पर चालीसा पाठ

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के बस स्टैण्ड में समीपस्थ रहवासी स्व.छोटे ढुलु द्वारा एक छोटे से हनुमान मंदिर की स्थापना की गई है जहां आते जाते लोग शीष झुकाते हैं वहीं आसपास के श्रद्धालुओं द्वारा तीज त्यौहारों पर धार्मिक आयोजनें भी होती रही है इसी कड़ी में बीते हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सामाजिक व धार्मिक कार्यकर्ता किसलय किशोर के अगुवाई एवं आर्य विद्यासागर स्कूल संचालक अनिल कुमार यादव सहित समीपस्थ अन्य श्रद्धालुओं की उपस्थिति में 108 बार हनुमान चालिसा का पाठ हुआ वहीं अंत में बारी बारी से भगवान हनुमान जी का मंगल आरती हुई जिसमें सभी युवाओं ने बढ- चढ़कर चालीसा पाठ को आगे बढाया वहीं आरती भी बारी बारी से की। ज्ञात हो प्रति वर्ष यहां लक्ष्मी थवाईत के व्यवस्था में धनुपुजा होता है जिसमें रामलीला के ओडिशा भाषा जनित भगवान राम सीता और लक्ष्मण के स्तुति पाठ होता है।

### जीएडी कालोनी में हनुमान जन्मोत्सव

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर के बोरोडिपा में स्थापित जीएडी कालोनी वासियों द्वारा इन दिनों प्रत्येक धार्मिक आयोजनों को बडे ही धुम धाम से सम्पन्न कराने का बीडा उठाया है वहीं इन्हौने एक मंदिर भी स्थापना की है जहां नियमित पुजारी नियुक्त कर पुजा अर्चना भी दोनो टाईम होता रहा है। बीते हनुमान जन्मोत्सव को मुख्यालय हल्का पटवारी गजेन्द्र राठोर, व कोडातराई हल्का पटवारी सच्चिदानंद साहू के अगुवाई में नायब तहसीलदार पंकज कुमार मिश्रा, सुरेन्द्र कुमार पटेल, विनोद चौधरी, तुलसीराम चौहान, पन्नालाल पटेल, गजेन्द्र राठौर सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सपरिवार शामिल होकर इसे बडे ही श्रद्धाभाव से संपन्न किया। ज्ञात हो कि गणेश चतुर्थी पर यहां कई तरह के सांस्कृतिक आयोजनें भी होती है जिसमें ये आस पास के लोगों को निमंत्रित करते है।

### प्राथमिक शाला कोसमंदा में समर कैंप

**रायगढ़।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार पटेल, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक शैलेन्द्र मिश्रा एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक श्रवण कुमार साव के मार्गदर्शन में विकास खंड पुसौर के पंचपारा संकुल के शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोसमंदा में 9 से 23 तक अप्रैल तक समर कैंप के रूप में विविध कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से शैक्षणिक और व्यवसायिक गतिविधियां शामिल थे। पठन, लेखन, कहानी निर्माण, मुखौटा निर्माण सह अभिनय के साथ आर्ट एवं क्राफ्ट, दोना पत्तल बनानाए कमीज में बटन लगाना आदि गतिविधियां आयोजित की गई। दस दिवसीय समर कैंप से हो रहे लाभ को पालकों ने देखा और सराहा एवं शाला समिति के अध्यक्ष अक्षय यादव ने प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में कई प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां प्रधान पाठक रंजिता महाणा, शिक्षिका सरोजिनी सिदार व सुजाता गुप्ता द्वारा आयोजित की जाती हैं साथ ही इस समर कैंप में बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा भी दिया गया जो की प्रशंसनीय है।

### मीडिया में प्रकाशन के लिए प्रमाणीकरण जरुरी

**सारंगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत देश में हो रहे सातों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है।
भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा। आयोग के निर्देशानुसार तीसरे चरण में 6 और 7 मई को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा एमसीएमसी से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है।

### शासन को पत्र लिखकर कराया गया अवगत

# केलो परियोजना के कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

तहसील मुख्यालय पुसौर में शासन का एक शाखा केलो नहर निर्माण परियोजना सर्वेक्षण संभाग रायगढ व खरसिया की शाखा 3,4 और 5 स्थापित है जहां 3 अनुविभागीय अधिकारी सहित इंजीनियर्स, लिपिकिय एवं चतुर्थ श्रेणी मिलाकर दर्जनों की संख्या में कार्यरत कर्मचारियों को पिछले 2 माह से वेतन नहीं मिलने का मामला प्रकाश में आया है वहीं उक्त कार्यालय के आदेश पर प्रदाय किए गए ये गए स्टेशनरी बिल एवं अखबार में प्रकाशित हुए निविदा के बिल भी कई सालों से लंबित है। जानकारी के मुताबिक कार्यालय व्यय व टेंडर आदि की राशि आए दिन रूकते रहते हैं लेकिन वेतन रूकने का मामला यह पहली बार हुआ है। मालुम हो कि उक्त कार्यालय की स्थापना 2004-5 के आसपास हुई। तात्कालीन समय में जिस भर्रासाही से केलो परियोजना भवन का निर्माण हुआ उस समय इसकी गुणवत्ता की जांच किसी सक्षम अधिकारी से नहीं हुआ और हुआ भी तो निर्माण ऐजेन्सी पर नहीं कार्रवाई हुई और नहीं गुणवत्ता में सुधार की गई जिसका नतीजा वर्तमान स्थिति में ये हैं कि कार्यालय भवन के दिवारों में दरार आ चुके हैं और सिंलिंग भी गिरने लगे हैं। यहां निवासरत लोगों के मुताविक आवासीय भवन की स्थिति भी कमोबेष इसी तरह की स्थिति में आ चुका है फिर भी लोग किसी तरह काम चला रहा है।




#### नहीं है बिजली पानी की समुचित व्यवस्था

यहां निवासरत कुछ लोगों का कहना है कि यहां बिजली पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है पानी के लिए नगर पंचायत पुसौर प्रबंधन एवं वार्ड पार्षद को कई बार जानकारी दी जा चुकी है लेकिन इस पर कभी किसी ने ध्यान नहीं दिया है। यहां खुदा हुआ नल कुप आये दिन बिगडे हाल में रहता है और बिजली बिल परियोजना द्वारा भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन भी आए दिन काट दिया जाता है। ऐसे हालत में भी ये शासकीय कर्मचारी निवास कर रहे हैं जिनका सुधि लेने वाला कोई नहीं है।

#### कालोनी इंजार्च की जबाब देही कैसे तय होगी

तीनों संभाग के कर्मचारियों के साथ ही एक कालोनी इंजार्च के नाम से एक अनुविभागीय अधिकारियों को नामित किया जाता रहा है। कालोनी इंजार्च के क्रम में एसडीओ एस के चंद्रा के बाद एके दीवान, आर के एक्का और एसडीओ के प्रभार के साथ सब इंजीनियर शिल्पा डे कालोनी इंजार्च है। इन दिनों उक्त कार्यालय की हालत इतना जर्जर है कि फर्श टूटे हुए, सिलिंग धंस रहे हैं और दिवारों में दरार आ चुके हैं वहीं यहां के लड़खड़ाती टेबल, बगैर गद्दे के कुर्सी जो एक साईड गोते खा रहे हैं।

#### किया पत्राचार

कार्यालय के स्थिति के साथ वेतन नहीं मिलने का तथ्य उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।
शिल्पा डे, प्रभारी एसडीओ, केलो परियोजना

**नहीं रहते केलो परियोजना के कर्मचारी**

केलो परियोजना के स्थापना में अपेक्षित कर्मचारियों की संख्या को लेकर तात्कालीन समय में उनके आवास के लिए भवन बनाये गये जिसमें कुछ ही केलो परियोजना के कर्मचारी निवास करते हैं और कुछ लोग भवन होने के बाद भी आना जाना करते हैं और शेष भवनों में अन्य विभाग के कर्मचारी निवास करते हैं। 2005 से लेकर 10 तक सभी आवासीय भवनों में केलो परियोजना के कर्मचारी ही निवास करते थे इसमें से कई सेवा निवृत्त हो गये कई स्थानांतरण हो गये और कुछ आना जाना करने लगे इस प्रकार धीरे धीरे भवन खाली होने लगा तो अन्य विभाग के कर्मचारियों को एलाट हो गया जो अब भी निवासरत है।



## पृथ्वी दिवस पर अदाणी पॉवर ने 1000 पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी पॉवर लिमिटेड रायगढ़ ने जिले के पुसौर ब्लॉक में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया है। हर वर्ष की तरह साल 2024 में पृथ्वी दिवस की थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक की तर्ज पर अदाणी पॉवर लिमिटेड के पर्यावरण विभाग तथा अदाणी फाउंडेशन द्वारा संयंत्र परिसर में 1000 पौधे रोपे गए। साथ ही आस पास के गावों एवं विद्यालयों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने और उसके ऑप्शन्स की तलाश पर जोर देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिनमें पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता में 50 से अधिक विद्यार्थियों तथा पौधा रोपण के कार्यक्रम में संयंत्र के 200 कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ के स्टेशन हेड समीर कुमार मित्रा ने पौध रोपण कर की। इस दौरान उन्होंने सभा का संबोधित करते हुए पृथ्वी ग्रह के पर्यावरण संरक्षण में पोलीथिन का उपयोग नहीं करने, कागज का इस्तेमाल कम करने तथा रीसाइकल प्रक्रिया को बढ़वा देने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किया गया। अदाणी समूह की अदाणी फाउंडेशन द्वारा रायगढ़ जिले के पुसौर और तमनार प्रखण्ड में ग्रामीण ढांचागत विकास में किए गए प्रयास ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने, टिकाऊ प्रथा को बढ़ावा देने और पूरे अञ्चल में समावेशी विकास की एक प्रभावी पहल है। इसके साथ ही अंचल में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका विकास और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे है, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक और संरचनात्मक ढांचागत स्थिरता को बढ़ाने में मदद तो मिल ही रही है। साथ ही इन कार्यों ने समाज में भी विभिन्न स्तरों पर लोगों को प्रभावित किया है।

## किसान सम्मान निधि नहीं मिलने से किसान निराश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

केन्द्र सरकार द्वारा बीते कुछ सालों से छोटे किसानों को किसान सम्मान राशि देने का एलान करते हुए कुछ साल नियमित आया और पिछले 2022 से यह राशि किसानों को नहीं मिला है जिससे किसान नाराज है और वोट नहीं देंगे और देंगे भी तो समझकर देंगे की अपील कर रहे हैं। ज्ञात हो कि पुसौर तहसील में किसान सम्मान राशि प्राप्त करने के लिए इतने फर्जी किसान तात्कालीन समय में हो गए थे कि वह पुरे जिले के किसानों से दुगुना रहा।

इसके छान बीन करते करते अब इसकी संख्या आधा हो चुकी है और कई किसानों को वितरीत हुए राशि की वसूली भी की गई है। प्रायः प्रतिदिन कृषि कार्यालय पुसौर में किसान अपने सम्मान राशि के लिए आते रहे हैं और इसी तरह विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में भी इसकी जांच कराए हैं जिसे कृषि विभाग द्वारा सब कुछ ठीक होने का हवाला दिया जाता रहा है बावजुद इसके उक्त सम्मान राशि नहीं प्राप्त होने से वोट नहीं देंगे और देंगे भी तो समझकर देंगे की बात करते हैं हालाकि इसकी पुष्टी नहीं हो पाएगी लेकिन दबे जुबान से ''वोट नहीं देंगे'' एक दूसरे को कहते रहे हैं। बहरहाल उक्त राशि क्यों और कैसे नहीं मिल रही है और कब तक मिलेगी इस तथ्य पर शासन प्रशासन स्तर पर कोई सटिक जबाव देने के लिए सामने नहीं आ रहा है लेकिन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर के पटेल का कहना है कि धीरे धीरे किसानों के खाते में राशि आता रहा है और आएगा।




### जेसीआई की बैडमिंटन प्रतियोगिता 1 मई को

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा स्थानीय चक्रधर क्लब में आगामी 1 मई को डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित कराया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मिनिमम एज लिमिट 15 वर्ष है। जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा समय समय पर विभिन्न प्रकार के खेल संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाता रहा है। संस्था का यह प्रयास रहता है कि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शहर के प्रत्येक वर्ग को एक दूसरे से जुड़ने का मौका मिले। संस्था द्वारा खेलकूद के अलावा अनेक प्रकार के अन्य कार्यक्रम भी समय समय पर आयोजित करवाए जाते रहते हैं, जैसे कि पिछली जनवरी को मकर संक्रांति पर्व पर काइट फेस्टिवल का आयोजन स्थानीय नटवर स्कूल मैदान पर करवाया गया था। शहर में बैडमिंटन के प्रति लोगों के बढ़ते लगाव को देखते हुए संस्था द्वारा आने वाली 1 मई को डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन चक्रधर क्लब नियर कलेक्टरेट में आयोजित किया जा रहा है।

## सावधानी पूर्वक करें ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य : कलेक्टर





**रायगढ़।** कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में सेक्टर ऑफिसर एवं उनके सहयोगी कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के कमीशनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के कमीशनिंग कार्यों को सावधानीपूर्वक करें एवं प्रशिक्षण में किसी भी तरह की शंका होने पर उसे मास्टर्स ट्रेनर्स से पूछकर समाधान करें।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मशीनों की कमीशनिंग के दौरान संबंधित हाल में मोबाइल फोन, डिजिटल वॉच सहित किसी भी तरह के इलेक्ट्रानिक गजेट्स ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। कमीशनिंग हाल से किसी भी तरह के कागज सहित सामान अपने साथ लाना भी वर्जित होगा। इन बातों का सभी सेक्टर ऑफिसर और उनके सहयोगी कर्मचारी विशेष ध्यान रखेंगे। इस दौरान उन्होंने मशीनों की एसेंबलिंग तकनीकए चालू करने और बंद करने से लेकर सीलिंग सहित विभिन्न पहलुओं की सुक्षमता से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी सेक्टर ऑफिसरों को पूर्व में मशीनों में आए संभावित खराबी और उसके समाधान संबंधित सूची सभी सेक्टर ऑफिसर को उपलब्ध कराने की बात कही। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने ईवीएम और वीवीपैट कमिशनिंग के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से ईवीएम मशीनों दूसरा रेण्डमाइजेशन होगा। इसमें मशीनों को मतदान केंद्रों के अनुसार आबंटन किया जाएगा। इसके बाद 26 अप्रैल प्रातः 10 बजे से विधानसभा रायगढ़, खरसिया, लैलूंगा के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट की कमीशनिंग केआईटी कालेज में और धरमजयगढ़ विधानसभा का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट धरमजयगढ़ में ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग होगी। इस दौरान उन्होंने सभी सेक्टर ऑफिसर्स को प्रातः 9 बजे तक यथास्थिति केआईटी एवं डाइड धरमजयगढ़ में पहुंचने के निर्देश दिए। कमीशनिंग में किसी भी तरह की लापरवाही होने से सेक्टर ऑफिसर्स के साथ मतदान दलों को परेशानी होगी। किसी भी तरह की गलतियां न हो इसके लिए उन्होंने प्रशिक्षण को अच्छी तरह से आत्मसात करें और मशीनों को चालू करने बंद करने, कनेक्ट करने, सिलिंग करने से लेकर एड्रेस टैग लगाने संबंधित छोटी सी छोटी बातों को ध्यान दे और अपनी डायरी में नोट करें। प्रशिक्षण के दौरान बैलेट यूनिट को खोलने, मतपत्र सेट करने, सिलिंग करने, वीवीपैट में पेपर रोल लगाने, बैटरी लगाने, कंट्रोल यूनिट से बैलेट यूनिट और वीवीपैट को कलेक्ट करने, बीयू की थम सील को 01 पर रखने, बैलेट यूनिट पर पींक सील लगाने, वीवीपैट के लाक और अनलॉक की श्रेणी पर ध्यान देने संबंधित ईवीएम व वीवीपैट मशीन के संपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी पावर पाइंट प्रजेन्टेशन और वीडियो के माध्यम से जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल एवं विकास रंजन सिन्हा द्वारा दी गई। प्रशिक्षण में सभी विधानसभा के सेक्टर ऑफिसर और उनके सहयोगी कर्मचारी उपस्थित थे।





## घरघोड़ा में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती, लगा भंडारा

**घरघोड़ा।** अंजनि के लाडले श्रीराम के दुलारे श्री हनुमान जन्मोत्सव पर घरघोडा में सुबह से ही हनुमान मंदिर में पहुंचकर हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड पाठ किया। इसके साथ ही मंदिरों में भजन कीर्तन और रामचरितमानस के पाठ का आयोजन किया गया। नगर के हनुमान मंदिर में आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें हनुमान भक्त एवं महिलाओं बच्चों छात्र छात्राओं सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसी तरह नूतन कालोनी में विजय जायसवाल एवं कालोनी के लोगों द्वारा हनुमान जयंती पर विशेष रूप से टेंट लाईट लगाकर आकर्षक फूलों के साथ रंग बिरंगे लाइटों से सजाई गई। यहां भी हनुमान के विशेष पूजा अर्चना के साथ सुंदरकांड पाठ एवं महा भंडारे का आयोजन किया गया।

## जिंदल फोर्टिस हॉस्पिटल में वृद्धजन विश्वसनीयता कार्यक्रम की शुरुआत

**रायगढ़।** फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल रायगढ़ में 60 वर्ष एवं ऊपर के आयु वर्ग के वृद्धजनों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए वृद्धजन विश्वसनीयता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम में फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल से प्रेमनाथ साहू मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. लोकेश महेंद्र मेडिकल सुपरिंटेंडेंट जीतेन्द्र घई सीएसआर प्रमुख डॉ. भारती सोय स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं समस्त डॉक्टर्स उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सेवा ही सरोकार भावना के अंतर्गत हॉस्पिटल द्वारा एक विशेष प्रकार का लॉयल्टी कार्ड का शुभारंभ किया गया। जिसमे 60 वर्ष या उससे ऊपर की आयु के मरीजों को डॉक्टर परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट, रक्त जांच एवं रेडियोलोजी जांच पर 30 प्रतिशत की छूटए ओपीडी में डॉक्टर द्वारा लिखे गए दवाइयों पर 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी एवं गंभीर अवस्था में भर्ती मरीजों को बेड चार्जेस, डॉक्टर कंसल्टेशन, दवाइयों एवं सभी प्रकार के जाँच में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

इस अवसर पर फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रेम नाथ साहू ने बताया की हॉस्पिटल रायगढ़ एवं आस पास के सभी ज़रूरत मंद बुजुर्गो को सेवा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।




## निर्वाचन में संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों को निःशुल्क चिकित्सा

**सारंगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 3 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे।

छत्तीसगढ़ लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध न होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है। राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित बालाजी अस्पताल मोवा, नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर तथा रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

## सामान्य प्रेक्षक ने सारंगढ़ मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम का लिया जायजा

**सारंगढ़।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा के सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी ने सारंगढ़ मंडी परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के साथ मतगणना कक्षए मतदान सामग्री कक्ष, कंट्रोल रूमए सामग्री वितरण एवम वापसी केंद्र सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए जिले में पुलिस बल की तैनाती के संबंध में पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा से भी जानकारी ली। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी ने मंडी परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने आ रहे अधिकारियों को रजिस्टर में नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सीसीटीवी में डेटा स्टोरेज की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा ताकि सही समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जा सके, इसके अलावा निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान एआरओ वासु जैन, डॉ स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, तहसीलदार रूपाली मेश्राम, पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## आबकारी टीम की संयुक्त कार्रवाई मदिरा और सामग्री की जब्त

**सारंगढ़।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान सारंगढ़ बिलाईगढ़ और बरगढ़ जिले के टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय आबकारी संयुक्त कार्यवाही की गई। सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं बरगढ़ जिले के आबकारी की संयुक्त टीम के प्रथम कार्यवाही में बुधवार को ग्राम जलगढ़ के ओडिशा बॉर्डर पर नाला किनारे कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से भारी मात्रा में महुआ मदिरा बनाने की सूचना पर दबिश दी गई। सूचना स्थल में पहुंचकर विधिवत तलाशी लेने पर 65 लीटर महुआ मदिरा एवं 200 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया। मौका स्थल पर मदिरा बनाने योग्य महुआ लाहन को विधिवत नष्टीकरण किया गया और अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की जाकर आरोपियों की खोज की जा रही है। इसी प्रकार दूसरे प्रकरण में बरगढ़ जिले के आबकारी स्टेशन भटली के ग्राम बड़गरहा में संयुक्त टीम द्वारा दबिश देने पर आरोपियों से बीयर सहित अन्य कंपनी के ओएस लिकर 41 लीटर बीयर 20.950 लीटर आईएमएफएल 2.730 लीटर मदिरा जब्ती की गई। संयुक्त कार्यवाही में ज़िला सारंगढ़ बिलाईगढ़ से आबकारी टीम में सजिआबअधि आनंद वर्मा, उपनिरीक्षक हाबिल खलखो, आबकारी आरक्षक गणेश धीरज, मोहनलाल चौहान नगर सैनिक उमा सिदार एवं आबकारी टीम ओडिशा से डिप्टी सुपरिटेंडेंट बरगढ़ बिकाश नायक, इंस्पेक्टर बिकाश टोपनो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

